# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 03.02.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 03.02.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में महाकुंम्भ 2025 प्रयागराज को सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत एवं शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चित्रकूट पुलिस के थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकान, रेलवे स्टेशनों,होटल/ढाबो, 02/04 पहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग तथा बार्डर पर बैरियर लगाकर संदिग्ध वाहनों/व्यक्तियों की चेंकिग की गयी।

**(3).** आज दिनाँक 03.02.2025 को जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जी0एन0 एवं पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह में क्षेत्राधिकारी नगर श्री राज कमल की उपस्थिति में महाकुंभ 2025 व बसंत पंचमी के त्यौहार को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु रामघाट, बेड़ी पुलिया पर भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। महोदय द्वारा रामघाट पर स्नान कर रहे श्रद्धालुओं से अपील की गई कि कोई भी गहराई में जाकर स्नान न करें और बारी बारी से स्नान करें घाट पर ज्यादा भीड़ एक साथ न जाएं। ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों को सतर्कता पूर्वक ड्यूटी करने एवं श्रद्धालुओं से विनम्रतापूर्वक व्यवहार करने हेतु बताया गया।

**(4).** आज दिनाँक 03.02.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी एवं पुलिस उपाधीक्षक एलआईयू श्री अजेय कुमार शर्मा के निकट पर्यवेक्षण में महाकुम्भ 2025 व बसन्त पंचमी मेला को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु एस चेक टीम रेंज बांदा, डॉग स्क्वॉयड, एलआईयू चित्रकूट द्वारा रामघाट,परिक्रमा मार्ग के आस पास भीड़ भाड़ वाले स्थान में संदिग्ध वस्तुओं/व्यक्तियों की सघन चेकिंग की गई।

**(5).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में गुमशुदाओं/बिछड़ों को उनके परिवारों से मिलाने हेतु किये जा रहे प्रयासों के क्रम में महाकुंभ 2025 व बसन्त पंचमी मेला डियूटी में लगी पुलिस टीम ने हनुमानधारा से दर्शन के दौरान अपने साथियों से बिछड़ी बुजुर्ग महिला को महज 01 घंटे में उनके साथियों से मिलाया।

उल्लेखनीय है कि आज दिनाँक 03.02.2025 को श्रीमती सुमित्रा देवी कुशनी पत्नी छोटे लाल कुशनी निवासी जोशीपुर कैलाली नेपाल अपने ही साथियों के साथ महाकुंभ 2025 प्रयागराज दर्शन करने के बाद हनुमान धारा,परिक्रमा मार्ग तथा रामघाट भ्रमण करने हेतु चित्रकूट आयीं थी कि हनुमानधारा मंदिर में दर्शन करने दौरान अपने साथियों से बिछड़ कर खोजते खोजते रामघाट पर आ गयी थी। चौकी प्रभारी सीतापुर व उनकी टीम द्वारा महिला से बात कर जानकारी की गयी तो महिला द्वारा बताया गया कि हनुमान धारा दर्शन करने के बाद रास्ता भटक कर अपने लोगो से बिछड़ गयी हैं। चौकी प्रभारी सीतापुर द्वारा मेला क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर जाकर खोजा गया । खोजते हुए महिला से बिछड़े हुए लोग बेडीपुलिया पर मिले । श्रीमती सुमित्रा देवी कुशनी को उनके साथी लौटू थारू से मिलाया गया। अपने साथियों से मिलकर श्रीमती सुमित्रा देवी कुशनी के चेहरे की मुस्कान वापस आयी तथा उन्होंने पुलिस टीम का आभार व्यक्त करते हुये सराहना की एवं धन्यवाद दिया।

**<u>साथियों से मिलाने वाली टीमः-</u>**

1. चौकी प्रभारी सीतापुर उ0नि0 श्री अनिल गुप्ता
2. आरक्षी अनुज यादव
3. आरक्षी रविन्द्र राठौर

**(6).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में सामाजिक रिश्तों को बचाने हेतु किये जा रहे प्रयासों के क्रम में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र पुलिस टीम द्वारा आपसी पारिवारिक झगड़े को समाप्त कराकर परिवार में सुलह कराते हुए परिवार को टूटने से बचाया ।

आवेदिका श्रीमती शालू पाण्डेय पत्नी पंकज पाण्डेय निवासी ग्राम सिकरौ थाना मऊ जनपद चित्रकूट ने पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के समक्ष प्रार्थना पत्र दिया कि पति पंकज पाण्डेय,ससुर गिरीशचन्द्र पाण्डेय, सास कमला देवी,देवर नीरज पाण्डेय,देवरानी अपराजिता पाण्डेय निवासीगण ग्राम कलचिहा थाना बरगढ़ जनपद चित्रकूट द्वारा प्रार्थिया को गाली गलौज,लड़ाई झगड़ा,दहेज की मांग करना तथा शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना करने के सम्बन्ध में दिया गया।

पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा प्रार्थना-पत्र के निस्तारण हेतु प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को निर्देशित किया गया। परिवार परामर्श केन्द्र प्रभारी उ0नि0 श्रीमती गुड्डी देवी, महिला आरक्षी शिवाग्नी श्रीवास्तव द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया तथा दोनों पक्षों को समझाया गया । दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में गाली गलौज,लड़ाई झगड़ा,दहेज की मांग करना तथा शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना न करने,पारिवारिक सामजस्य बनाकर रहने तथा कर्तव्यों का सही से पालन करने की बात कही गयी । आपसी सुलह होने पर दम्पत्ति जोड़े को एक दूसरे के साथ-साथ आपस में सामन्जस्य बिठाकर एवं परिवारिक दायित्यों को सही प्रकार से निर्वहन करने हेतु सलाह दी गयी।

**<u>समझौता कराने वाली टीमः-</u>**

1.प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र उ0नि0 श्रीमती गुड्डी देवी
2.महिला आरक्षी शिवाग्नी श्रीवास्तव

**(7).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के क्रम में आज दिनाँक 03.02.2025 को राजेश कुमार निवासी मालदीना मंदिर लिमवाड़ी जिला सुरेन्द्र नगर गुजरात द्वारा चौकी सीतापुर में सूचना दिया गया कि मैं यूटीटी तिराहा से होते हुए जा रहा था कि रास्ते में मेरा मेला मोबाइल खो गया । इस सूचना पर तत्काल मौजूद टीम द्वारा व्यक्ति को साथ ले जाकर बताये हुए स्थानों पर खोजबीन किया गया तो खोया हुआ मोबाइल मिला । मोबाइल को देखकर व्यक्ति पहचान गया । इस पर व्यक्ति द्वारा चित्रकूट पुलिस का धन्यवाद किया ।

**<u>सुपुर्द/बरामद करने वाली टीम-</u>**

1.चौकी प्रभारी सीतापुर उ0नि0 श्री अनिल गुप्ता
2.आरक्षी रविशंकर
3.आरक्षी जय प्रकाश
4.आरक्षी रविन्द्र कुमार

**(8).** आज दिनांक 03.02.2025 को जिला अस्पताल से मेमो प्राप्त हुआ कि एक अज्ञात व्यक्ति जिसका इलाज जिला अस्पताल कर्वी में चल रहा था कि दौराने उपचार आज अज्ञात व्यक्ति की मृत्यु हो गयी । इस सूचना कोतवाली कर्वी पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

उम्र- करीब 55 वर्ष
उचाई- करीब 05 फीट 05 इंच
पहनावा- लोवर हरा रंग बीच में पिला पट्टी, हॉफ शर्ट कत्थई रंग, ललाट पर उभरा हुआ
रंग- गेहूआ
चेहरा- सामान्य,छोटे बाल रंग सफेद
शव की शिनाख्त/पहचान होने पर निम्नलिखित नम्बरों पर सम्पर्क करेः-
1.क्षेत्राधिकारी नगर मो0नं0 - 9454401356/9305101116
2.प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी मो0नं0 - 9454403205/9305101117
3.चौकी प्रभारी मण्डी समिति मो0नं0 - 9170426867